कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-26.03.2025

विषयः- चोरी के मुकदमे मे वांछित अभियुक्त अभिषेक यादव थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, चोरी की कुल 03 अदद मोटरसाइकिल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व में थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत चेकिंग के दौरान मु0अ0सं0-196/25 धारा 303(2) बी0एन0एस0 बढ़ोत्तरी धारा 317(2)/317(5)/338/336(3)/340(2) बी0एन0एस0 थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त अभिषेक यादव पुत्र विजय शंकर यादव निवासी ग्राम गोसाईपुर हरहुआ थाना बड़ागांव जनपद वाराणसी को आज दिनांक-26.03.2025 को समय करीब 01.20 बजे अम्बेडकर चौराहे से आगे वरुणा पुल के नीचे वरुणा कॉरिडोर मार्ग पर थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से व उसकी निशानदेही पर चोरी की कुल 03 अदद मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी की सम्बन्ध में थाना कैण्ट पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 25/03/2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने उनकी मोटर साइकिल हीरो होण्डा वाहन संख्या-UP 65 AA 7210 किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना कैंट में मु0अ0सं0-196/25 धारा 303(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 आलोक कुमार द्वारा सम्पादित की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त अभिषेक यादव ने पूछताछ करने पर बताया कि यह मोटरसाइकिल चोरी की है जिसको मैंने सिधारी आजमगढ़ के एक मैरिज हाल के सामने से दिसम्बर 2021 में चुराया था तथा इसी मोटरसाइकिल के नम्बर प्लेट व अंको को बदलकर मैं इसका इस्तेमाल करता हूँ। जेब से बरामद मोटरसाइकिल की चाभियों के बारे में कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि मैं कचहरी व आस-पास के क्षेत्रों में घूमता रहता हूँ और जो भी चाभी जिस भी मोटरसाइकिल में लग जाती है मैं उस मोटरसाइकिल को चोरी कर लेता हूँ। चोरी की गयी मोटरसाइकिलों के नम्बर प्लेट के नम्बरों व अक्षरों को बदल कर वाराणसी के आलावा अन्य जिलों में भी ग्राहक तलाश कर कम दामों में बेच देता हूँ। चोरी की दो मोटरसाइकिल मैं वरुणा कॉरिडोर के पास छिपा कर रखा हूँ जिन्हें मैं चल कर आपको बरामद करा सकता हूँ। इन दो मोटरसाइकिलों में से यह हीरो स्पलेंडर प्लस मोटरसाइकिल मैंने लाटसाही मजार कचहरी के पास से दो दिन पहले चुराया था

तथा इस दूसरी मोटरसाइकिल टीवीएस जाईव को मैंने दो दिन पहले दैत्राबीर मंदिर के पास बरगद के पेड़ के पास से चुराया था। आज इन मोटरसाइकिलों को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था कि आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

अभिषेक यादव पुत्र विजय शंकर यादव निवासी ग्राम गोसाईपुर हरहुआ थाना बड़ागांव जनपद वाराणसी, उम्र करीब 22 वर्ष।

बरामदगी का विवरण- चोरी की कुल 03 अदद मोटरसाइकिल बरामद।

1. सीडी डिलक्स मोटरसाइकिल (UP65BQ4744) जिसका सही रजि0 नं0 UP50BK6571, चेचिस नं0 MBLHAR057J9J28233 व इंजन नं0 HA11EP9J28014।
2. हीरो स्पलेंडर प्लस मोटरसाइकिल रंग काला व आरेंज, नम्बर प्लेट नं0-UP65AA7210, इंजन नं0 05C15E00823।
3. टीवीएस जाईव मोटरसाइकिल रंग काला व आरेंज ग्राफिक्स, नंबर प्लेट नं0-UP65AW8026, चेचिस नं0 MD625AV1XA1E32927 व इंजन नं0 OV1EA1033300।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- अम्बेडकर चौराहे से आगे वरुणा पुल के नीचे वरुणा कॉरिडोर मार्ग पर थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी से, दिनांक-26.03.2025 को समय करीब 01.20 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 196/25 धारा 303(2)/317(2)/317(5)/338/336(3)/340(2) बी0एन0एस0 थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 प्रवीण कुमार मिश्रा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 आलोक कुमार थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 अभिषेक सिंह थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 दिवाकर सर्विलांस सेल कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 सचिन मिश्रा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 मनमोहन थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
7. का0 संजीव रजक थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
8. का0 नागेन्द्र कुमार थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।


थाना–कैण्ट
पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी
रुद्रा एनोरेक्टल सेन्टर
महावीर चौराहा, अर्दली बाजार, वाराणसी
कार्यालय
साईबर क्राईम
सावधान!
HELPLINE NO. : 1930